जागरूक टाइम्स
जयपुर, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



## न्यूज ब्रीफ

### सचिव ने किया रैन बसेरे का औचक निरीक्षण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शालिनी गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सीकर द्वारा सीकर मुख्यालय पर रेल्वे स्टेशन के पास स्थित रैन बसेरे आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रैन बसेरा स्थल पर साफ-सफाई, ठहरने वाले व्यक्तियों के लिए खाने-पीने, प्राथमिक चिकित्सा कीट, स्नान के लिए मौसमानुकुल पानी की व्यवस्था, 02 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशेष भोजन की उपलब्धता, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक-पृथक रहने, बेघर परिवार को, यथा संभव, एक साथ ठहरने आदि से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने मौसमानुसार पर्याप्त मात्रा में दरी, गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल, रजाई आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए प्रबंधक को निर्देशित किया।

### महिलाओं ने भजन व नृत्यों से राधे रानी को रिझाया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चिंता हरण बालाजी मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन महिलाओं ने भजन व नृत्यों से राधे रानी को रिझाया व माखन मिश्री का भोग लगाकर सभी को वितरित किया। जिसमें बाबूलाल हलवाई और विजय कुमार सैनी की मुख्य भूमिका रही।

### शराब ठेकेदारों नें सौंपा मुख्यमंत्री व आबाकारी आयुक्त के नाम ज्ञापन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शराब ठेकेदार प्रतिनिधि मंडल ने शराब ठेकेदार यूनियन झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष रोहिताश फांडी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर झुंझुनूं को मुख्यमंत्री के नाम व जिला आबकारी अधिकारी को आबकारी आयुक्त के नाम मदिरा दुकानों को रिनुअल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। मदिरा कारोबारियों का कहना है कि राजस्थान सरकार व आबकारी विभाग पिछले 15 दिसम्बर को जयपुर में हुए मदिरा कारोबारियों के महाकुंभ की 16 सूत्री मांगों को मानते हैं तो सभी मदिरा अनुज्ञाधारी वर्तमान में चल रही दुकानें रिनुअल कराने के लिए तैयार है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोहिताश फांडी, प्रताप सिंह बाछड़ी, बीजू भाटीवाड़, विद्याधर सेही, सुभाष कालियासर, बाबू पंडित, महेंद्र सिंह आदि ठेकेदार प्रतिनिधि शामिल थे।

### अमन-चैन, खुशहाली की दुआ मांगी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से शुक्रवार को शहर के मोहल्ला मुगलान में स्थित दरगाह शाह विलायत में सालाना उर्स के मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने दरगाह के गद्दीनशीन खुशी मोहम्मद शाह की सदारत में दरगाह में जुम्मे की नमाज के बाद अकीदत के फूल पेश कर चादर चढ़ाई और देश में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, लुकमान खान, हाजी मोहम्मद अय्यूब, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, शाहिद फारूकी, मोहम्मद इरफान रंगरेज, डॉ. शौकत अली, इकबाल खान, मोहम्मद इशाक चौहान, वसीम चेजारा, जाकिर अली व्यापारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** चिड़ावा मित्र परिषद के तत्वावधान में विवेकानंद जयंती का उत्सव 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अग्रसेन भवन में मनाया जाएगा। परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिता मोदी ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा एवं उनके विचारों को भारत भर में फैलने के लिए संगोष्ठियां एवं विचार गोष्ठियों का भविष्य में आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में विवेकानंदजी के जीवन पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम संभाषण कार्यक्रम तथा राष्ट्रभक्ति गीतों का कार्यक्रम एवं विभिन्न सदस्यों द्वारा एकल नृत्य, युगल नृत्य, सामूहिक नृत्य, भजन व विवेकानंदजी के जीवन पर आधारित नाटिका का मंचन भी किया जाएगा।

### नगर निगम भीलवाड़ा में जनसुनवाई का आयोजन

**भीलवाड़ा।** नगर निगम भीलवाड़ा में शुक्रवार को राकेश पाठक महापौर द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। महापौर पाठक ने बताया कि आम जनता की समस्याओं की त्वरित निराकरण हेतु नगर निगम में प्रत्येक शुक्रवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई की शुरुआत 3 जनवरी 2025 से की गई थी, जनसुनवाई के दौरान नगर निगम में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई है प्राप्त शिकायतों में पट्टा निर्माण , नाली निर्माण, नाला सफाई, अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई है जिस पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही करते हुए आगामी शुक्रवार को होने वाली जनसुनवाई से पूर्व समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान सात व्यक्तियों को पट्टा वितरण भी किया गया।

### बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों ने देखी राजस्थान विधान सभा

**जयपुर।** बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधान सभा भवन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधान सभा की सहचर समिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा ने बिहार की इस समिति की सभापति कुमुद वर्मा को पुष्प गुच्छ, राजस्थान विधानसभा एवं समिति का साहित्य भेंट कर अभिवादन किया। इस मौके पर बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति की सदस्य निवेदिता सिंह और राधाचरण शाह तथा राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, उप सचिव इन्द्रा शर्मा और सहायक सचिव अलका दुआ भी मौजूद थी।

# बालिकाओं के सर्वांगीण विकास का आधार बन रहा सक्षम जयपुर अभियान

### अभियान के तहत 8 मार्च तक विभिन्न कार्यशालाओं एवं गतिविधियों का होगा आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम जयपुर अभियान जिले में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास का आधार बन गया है। सक्षम जयपुर अभियान अन्तर्गत प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर आगामी 8 मार्च 2025 तक प्रत्येक पंचायत समिति पर विभिन्न कार्यशाला, गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वय से करवाया जावेगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान के तहत आयोजित होने वाले इन आयोजनों में महिलाओं एवं बालिकाओं को मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी अहम जानकारियां, सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन एवं स्वच्छता व कचरा निस्तारण के साथ-साथ एनिमिया विकार की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं, वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला में अल्प बचत के लिए राजकीय योजनाओं में निवेश एवं घरेलू उद्यम प्रोत्साहन सेमिनार के जरिये गृहणियों को अपने घरेलू कार्य के इतर उद्यम संचालन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अभियान के तहत महिला आत्मरक्षा कार्यशाला, महिला आत्मरक्षा कार्यशाला, साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत महिलाओं एवं युवतियों को वाहन चालन कोर्स, यातायात नियमों जानकारी के साथ सुरक्षित वाहन चालन कार्यशाला, नींव (छम्म्ट)- 9 से 12 वर्ष की बालिकाओं के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक के विकास हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादों एवं हैण्डीक्राफ्ट से आय बढ़ाने एवं नवीन तकनीकी की जानकारी हेतु कार्यशाला के साथ साथ मिलेट कुकीज प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत बालिकाओं के लिए करियर काउंसलिंग का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें नीट, जेईई, क्लेट जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ विदेश में अध्ययन के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। उपनिदेशक, महिला अधिकारिता ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान अंतर्गत जयपुर जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजनान्तर्गत पी.एम.श्री विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गुड टच- बैड टच लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, आत्मरक्षा प्रशिक्षण व कठपुतली नृत्य के माध्यम से विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में 29 पी.एम.श्री विद्यालयों में सक्षम जयपुर अभियान अन्तर्गत उक्त आयोजन करवाये जा चुके है। उन्होंने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान अन्तर्गत महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के विषय पर 29 नवंबर 2024 को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक, पंचायत स्तर के 400 अधिकारियों एवं कार्मिको को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## रोजगार मेले का सफल आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** सेठ श्री केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय में कॅरिअर गाइडेंस, एम्पलायमेंट एवं प्लेसमेंट सेल के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) चीफ एडवाइजर मंगलचंद कुमावत एवं उनके सहायक द्वारा इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को महिला करियर अभिकर्ता (बीमा सखी), ग्रामीण करियर अभिकर्ता, शहरी करियर अभिकर्ता और पुरुष अभिकर्ता के रूप चयन के लिए आवश्यक योग्यताओं, परीक्षा प्रक्रिया और चयन उपरांत मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मेले में भाग लिया और अपना पंजीकरण करवाया। पंजीकृत विद्यार्थियों को एलआईसी अभिकर्ता व सखी परीक्षा से संबंधित पुस्तकें भी वितरित की गई। इसी क्रम में आयोजित रोजगार मेले में एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों की योग्यता, रुचि और कौशल का मूल्यांकन किया। साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमता और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया। बैंकों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत और समूह चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों की कार्यक्षमता और व्यावसायिक दृष्टिकोण को समझा। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर के लिए तैयार करने, आत्मविश्वास बनाए रखने, प्रभावी संवाद कौशल और पेशेवर आचरण के महत्व पर मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनिता झाझड़िया ने कहा कि यह रोजगार मेला विद्यार्थियों के लिए न केवल नौकरी के अवसर प्रदान करने का माध्यम बना। बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और करियर के प्रति उनकी सोच को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सरोज नैनीवाल, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ. कुलदीप ढाका, कृष्ण लाल, सुमन सैनी, रामपाल सिंह, सुभाष चन्द्र खेदड़, रणबीर सिंह, रामजीलाल सैनी, मनीष कुमार, प्रवीण देवा, मधुसूदन सिंह राठौड़, संजय कुमार व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सादुलपुर।** मेवात नूंह हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज पुनः मेवात में पहुंचे हुए थे। सबसे प्रथम वे साइकिल के साधन से सीधे झामुवास पहुंचे और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के प्राचार्य रतन लाल पुनिया की अध्यक्षता में 221 छात्र छात्राओं और अनुदेशकों ने भाग लिया। तत्पश्चात वे हसनपुर पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमे 60 स्वयंसेवकों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर छात्र छात्राओं से जीवन में कोई नशा न करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के अंत में दोनों प्राचार्यों ने धन्यवाद किया।

## बख्तावरपुरा में बांधे बेसहारा जानवरों को नेक रेडियम बेल्ट



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के सहयोग से लगातार बेसहारा गौवंश और कुत्तों के अलावा अन्य जानवरों को नेक रेडियम बेल्ट बांधने का कार्य जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को बख्तावरपुरा गांव में समिति पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों के सहयोग से बेसहारा गौवंश और कुत्तों के नेक रेडियम बेल्ट बांधे गए। इस मौके पर सरपंच अनिल कटेवा का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने कहा कि झुंझुनूं से चिड़ावा व पिलानी जाने वाले रास्ते पर बख्तावरपुरा बस स्टैंड है। इसके आस—पास की मुख्य सड़क पर रात के समय बेसहारा जानवरों के कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। इन संभावनाओं को दूर करने के लिए और रात के समय जानवर यदि सड़क पर आए तो वाहन चालकों को आसानी से पता चल सके। इसलिए इनके गले में रेडियम के बेल्ट बांधे गए है। इस मौके पर परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर रोहिताश्व, झुंझुनूं टीआई हरफूल मीणा, समिति के राजेश अग्रवाल, अभिषेक मुरारका, पूनम जांगिड़, दीपिका चाहर, अनूप सैनी, मदन सोनी, शाहिद, पीराम फाउंडेशन से गांधी फैलोशिप की छात्राएं, अदम्य पाराशर आदि मौजूद थे। इस मौके पर सरपंच अनिल कटेवा की मौजूदगी में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वहीं संकल्प दिलाया कि सभी ग्रामीण परिवहन नियमों का पालन करेंगे और करवाएंगे।

## जगतपुरा जोन के वार्डों में सोर्स सेग्रीगेशन एवं होम कम्पोस्टिंग के बारे में की समझाइश



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी रियाड़ के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर निगम ग्रेटर टीम एवं फिनीलूप प्रोजेक्ट टीम ने शुक्रवार को जगतपुरा जोन के समस्त 21 वार्डों में स्वच्छता की अलख जगाते हुए स्वच्छता हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपायुक्त जगतपुरा जोन कविता चौधरी मौजूद रही। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए नगर निगम ग्रेटर अधिकारियों ने फिनीलूप टीम के साथ घर-घर जाकर लोगों को गीले एवं सूखे कचरे के बारे में समझाइश की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर निगम ग्रेटर टीम एवं फिनिलूप प्रोजेक्ट टीम ने 7 टीमों का गठन करके 21 वार्डों के प्रत्येक घर को सोर्स सेग्रीगेशन (कचरा पृथक्करण), होम कंपोस्टिंग एवं प्रतिदिन 4 बिन घर में रखने का आग्रह किया तथा घर में ही किस प्रकार से गीले कचरे से कंपोस्ट बनाई जा सके इसके लिए जागरूक किया गया।

## डीआईजी बनने पर शरद चौधरी का किया सम्मान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** एसपी शरद चौधरी का हाल ही में डीआईजी के पद पर प्रमोशन हुआ है। जिसके बाद शुक्रवार को झुंझुनूं में उनका विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मान किया गया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शरद चौधरी के प्रमोशन पर उनका सम्मान किया। इस मौके पर शरद चौधरी ने कहा कि उनका झुंझुनूं का कार्यकाल छोटा रहा है। लेकिन उन्हें झुंझुनूं की याद हमेशा रहेगी। यहां के लोगों ने पुलिस का खूब सहयोग किया है। जिसके चलते हर अपराध को रोकने में और अपराधों के राजफाश में मदद मिली। उन्होंने कहा कि डीआईजी बनने के बाद अब उनका तबादला होगा। लेकिन उनका बिल्कुल भी मन नहीं है कि वे झुंझुनूं छोड़कर जाए। इस मौके पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष संपत चुड़ैलेवाला, सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, श्री गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉक्टर डीएन तुलस्यान, सुनील तुलस्यान, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के रघुनाथ पोद्दार, वस्त्र व्यवसायी राजेश ढेढिया एवं संजय नांगलिया आदि ने शरद चौधरी का दुपट्टा, साफा एवं शॉल ओढाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। आपको बता दें कि आईपीएस शरद चौधरी मृदु भाषी, मिलनसार स्वभाव के धनी मूलतः कानपुर निवासी है। जो 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी है। राजस्थान के प्रमुख इलाकों में रहने का इनका सफल अनुभव रहा। बाड़मेर एवं कोटा में एसपी रहे। पिछले साढे चार माह से झुंझुनूं एसपी पद पर रहते हुए इन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है। राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर को आपने बखूबी निभाया है। शरद चौधरी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ टीम भावनाओं से काम करते हुए उपचुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाए।

## सांवरिया सेठ में आया रिकॉर्ड तोड़ चढ़ावा, 23 करोड़ से ज्यादा कैश मिला

### साथ ही दान में एक किलो सोना और 83 किलो चांदी भी मिली



**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्ण धाम भगवान सांवरिया सेठ की दान राशि ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिया। चौथे चरण तक चढ़ावा राशि 23 करोड़ रुपए पार हो गई, जबकि सिक्कों की गिनती बाकी है। लगभग 90 किलोग्राम चांदी और एक किलो से अधिक के सोने के आइटम भी मिले। जुलाई 2024 में 19 करोड़ रुपए से अधिक का चढ़ावा निकला था। मंदिर के इतिहास में इस महीने की चढ़ावा राशि ने अब तक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मंदिर मंडल के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर ने बताया कि 29 दिसंबर को भंडार खोला गया था और पहले दिन 3 करोड़ रुपए की राशि की गणना हुई थी। इसके बादा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गणना बंद कर दी गई और 6 जनवरी को दूसरे राउंड की गिनती की गई। इस राउंड में 7 करोड़ 76 लाख 69 हजार रुपए निकले। तीसरे चरण में 4 करोड़ 68 लाख 10 हजार, चौथे चरण में 4 करोड़ 85 लाख 15 हजार और पांचवे दौर में गुरुवार शाम तक 44 लाख रुपए मिले। इसके साथ ही नोटों की गिनती का काम पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और भेंट कक्ष में 5 करोड़ 38 लाख 90 हजार 140 रुपए मिले। इस प्रकार भंडार से 23 करोड़ 12 लाख रुपए की प्राप्ति हुई जो कि अब तक का रिकॉर्ड है। भंडार से 1 किलो 140 ग्राम सोना और लगभग 43 किलोग्राम चांदी और भेंट में 46 किलो चांदी भी प्राप्त हुई। हालांकि गत माह करीब 35 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया था, लेकिन वह दो महीने की चढ़ावा राशि थी। जबकि इस बार की चढ़ावा राशि एक महीने की है।

## जयपुर के बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति बेपटरी!

### राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के सिस्टम में फॉल्ट, बिजली आपूर्ति रही बाधित

**जयपुर।** 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, हीरापुरा में दोपहर 01.35 बजे 220 केवी बसबार पर चाइनीज मांझा गिरने से बस फाल्ट हो गया, जिससे वहां पर बसबार प्रोटेक्शन ऑपरेटर होने पर हीरापुरा ग्रिड सब-स्टेशन से निकलने वाले सारे फीडर व ट्रान्सफार्मर बन्द हो गये। इससे 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, हीरापुरा से जयपुर शहर को आपूर्ति होने वाले 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन मानसरोवर, वीकेआईए एवं नला पावर हाउस बंद हो गये। प्रसारण निगम के अभियन्ताओं ने त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 35 मिनिट में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी। सूचना मिलते ही प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल स्वयं 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन पहुंचे एवं अभियन्ताओं को न्युनतम समय में बिजली सप्लाई चालू करने के निर्देश दिये। डिडेल ने अभियन्ताओं को जयपुर शहर में चल रहे 132 केवी जीआईएस, एसएमएस मेडिकल कालेज के कार्य को त्वरित गति से सम्पूर्ण करने के निर्देश दिये, जिससे शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 132 केवी लाईन का रिंग सिस्टम बन सके एवं बढ़ते हुये लोड़ डिमान्ड को देखते हुये 400 केवी जीएसएस, हीरापुरा में अतिरिक्त 500 एमवीए ट्रान्सफार्मर, 220 केवी जीएसएस, गोकुल नगर एवं 400 केवी जीएसएस, जयपुर नार्थ की जल्द प्लानिंग कर निविदा आमंत्रित करने के भी निर्देश प्रदान किये।


# विरासत में मिले प्राचीन मंदिर हमारी अमूल्य धरोहर : आचार्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर में पहली बार विहार पर आए आचार्य उदयवल्लभ सूरी ने कहा कि हमे इस बात का गर्व होना चाहिए कि हमने ऐसे जैन कुल में जन्म पाया है। जिस जैन धर्म मे प्रतिदिन परमात्मा को स्पर्श कर उसकी पूजा व साधना का अवसर मिला है। जैन समाज के टिलायत रमेश सिंघी ने मंदिरों के इतिहास एवं बनावट की जानकारी दी। उन्होंने यहां पर हीरसूरी की आचार्य पदवी पर स्वर्ण मुद्रा की प्रभावना कर एक नया इतिहास लिखकर सिरोही को गौरान्वित किया।



आचार्य ने जैन वीसी में श्रावक-श्राविकाओं को हित शिक्षा देते हुऐ है कहा कि हमे ऐसी अमूल्य धरोहरों को बचाने के लिए सदैव भक्ति में लीन रहते हुऐ धर्म आराधना से जीवन को सफल बनाना हैं। पावापुरी तीर्थ में अल्पकाल रहने व वहां आचार्य भगवंत मेघवल्लभसूरी के हुए कालधर्म व अग्निसंस्कार की घटना का स्मरण करते हुऐ कहा कि जीवन मे पहली बार राजस्थान की इस भूमि में आचार्य के साथ हम आए और और आचार्यश्री ने यही अपनी अंतिम सांस ली। इससे हमारा जुड़ाव राजस्थान के पावापुरी तीर्थ की इस पावन भूमि से सदा के लिए जुड़ गया हैं। उन्होंने कहा कि पावापुरी भक्ति एवं जीवदया का एक बड़ा धाम है। विजय पताका तीर्थ में केपी संघवी परिवार के दिलीप भाई संघवी ने आचार्य के दर्शन वंदन कर पावापुरी में बनने वाले गुरूमन्दिर के बारे में विस्तार से चर्चा की। पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्री धाम के मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन ने बताया कि आचार्य विहार के दौरान सुमेरपुर, फालना, रानी समेत अन्य मार्गो से रणकपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वहां कुछ दिन साधना के बाद पिंडवाड़ा होते सात फरवरी को फिर से पावापुरी पहुचेंगे ।



**पावापुरी में बनेगा मेघवल्लभसूरी का गुरु मन्दिर**

*पावापुरी में 10 फरवरी को आचार्य मेघवल्लभसूरी के बनने वाले गुरूमन्दिर के भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया जाएगा। दूसरे दिन 11 फरवरी को पावापुरी तीर्थ जीव मैत्री धाम की 25वीं ध्वजारोहण में आचार्य निश्रा प्रदान करेंगे।*

## रावल का युवराज इन्द्रेश्वरसिंह ने किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** प्रयास सेवा संस्थान की ओर से लगातार 20 वर्षों से जनहितार्थ, पशु पक्षी सेवा, गो सेवा, रक्तदान जैसे उत्कृष्ट कार्यों को लेकर युवराज इन्द्रेश्वरसिंह देवड़ा ने सराहना कर सेवा कार्य करने की बात कही। नितेश रावल का 104 बार रक्तदान करने पर सम्मान किया। प्रयास सेवा संस्थान सिरोही के अध्यक्ष अंकुर रावल, नितेश रावल, मृत्युंजय दवे, यशवंत रावल, विक्रम रावल एवं रामाराम देवासी मौजूद रहे।

## मेंटर मेंटी कार्यशाला में दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मेन्टर मेन्टी कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व व्यवस्था सहयोगी गोपाल सिंह राव के अनुसार बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण पर मार्गदर्शन किया गया। सेवा निवृत्त व्याख्याता गाइडर श्रीमती इन्दिरा खत्री व सेवानिवृत्ति अध्यापिका रंजन देवी ने बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण पर वार्ता दी। वार्ताकार श्रीमती इन्दिरा खत्री ने बताया कि नारी सशक्तिकरण के लिए जागरुकता पहली आवश्यकता है। प्रभारी श्रीमती वर्षा त्रिवेदी, सहायक श्रृद्धा सिंदल, उप प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान, महेंद्र कुमार प्रजापत, प्रतिभा आर्य, कल्पना चौहान, कुसुम परमार,जया दवे, ममता कोठारी आदि मौजूद थे।

# शिविर में 273 मरीजों की जांच




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जावाल में एसबीआई फाउंडेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 273 लोगों ने आंखों की जांच करवाई। इसमें से 44 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किए। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में छगन घांची एवं सवाराम घांची का सहयोग रहा। तारा संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आंखों की देखभाल तथा समय-समय पर जांच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है।

## शिविर में 430 मरीजों की जांच

**सरूपगंज।** एनटीसी वेंचर प्राइवेट लिमिटेड एवं ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार आयोजक ललिता नितिन बंसल, एनटीसी वेंचर प्राइवेट लिमिटेड एवं ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड के संयुक्त तत्वावधान में बाबूलाल बंसल की स्मृति में आयोजित शिविर में 430 मरीजों की आंखों को जांच कर 350 मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किए। इसके अलावा 55 मरीजों को निशुल्क आपरेशन के लिए ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड ले जाया गया। इस दौरान चंदूभाई, हीरालाल चौधरी, गोविंद मालवीय सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# प्रोमेसिंग प्रोजेक्ट का खिताब किया हासिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भोपाल में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोही के दो भाई बहन मृणाल डाबी एवं रुद्रप्रतापसिंह डाबी में भाग लिया। उन्हें प्रोमेसिंग प्रोजेक्ट का खिताब मिला है। उन्होने जुनियर कैटेगरी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें किस प्रकार खजूर की छाल का उपयोग कर कम लागत में कम पानी और बिना मिट्टी की खेती कर भरपुर फसल ली जा सकती है। दोनों कतर के डीपीएस मोनार्क विद्यालय में पढ़ रहे है। टीम लीडर सुश्री मृणाल डाबी ने बताया कि उन्होंने मॉडल बनाकर बेस पदार्थ का उपयोग कर मिर्ची की खेती की। उन्होंने अलग-अलग बेस मटेरियल जैसे स्पंज, रॉकवूल, कॉटन, चाय की पत्ती, नारियल का बुरादा और खजूर की छाल का उपयोग किया और पाया




की तीन ही वेस्ट मटेरियल पर अच्छा परिणाम प्राप्त हुआ। टीम लीडर सुश्री मृणाल डाबी ने आगे बताया कि हाइड्रोपोनिक खेती में दी जाने वाली तरल खाद को संतुलित रखना बहुत जरूरी है। जिससे समय-समय पर अलग-अलग उपकरणों से चेक कर समानांतरित किया जाता है। दोनों बाल वैज्ञानिकों ने अलग-अलग पांच लैब टेस्ट करके यह पाया कि खजूर का बेस पीएच व पीपीएम को मेंटेन करने में बहुत सहायक है। सुश्री मृणाल और रुद्रप्रताप ने अपने शोध पत्र को बहुत विस्तार में चार्ट एवं मॉडल के माध्यम से नेशनल लेवल पर वैज्ञानिकों एवं जनता को विस्तृत जानकारी दी। इसमें कतर, बहरीन, कुवैत, ओमान एवं भारत देश के विभिन्न राज्यों से 700 से अधिक बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। मृणाल एवं रुद्रप्रताप के सिरोही लौटने पर स्वागत किया गया। जिसमें नारायणसिंह डाबी, विक्रमसिंह सोलंकी, दुर्गा सोलंकी, कुणालसिंह डाबी एवं अभिलाषा मौजूद थे।

# नवनियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अग्रवाल समाज की ओर से विष्णु धर्मशाला में समाज संरक्षक मंडल के अध्यक्ष शंभुलाल अग्रवाल ने भाजपा के नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल का स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल ने कहा कि सिंघल द्वारा रक्तदान एवं समाज सेवा का सहरानीय कार्य किया गया है। प्रमोद जैन ने उगावल भविष्य की मंगल कामनाएं की। सागरमल अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। सिंघल ने आभार व्यक्त किया। अग्रवाल महिला मंडल, मुरारीलाल अग्रवाल,




प्रदीप मित्तल, डॉ. एमपी बंसल, राजेंद्र गोयल, गोविंद अग्रवाल, रतनलाल गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, रामगोपाल गोयल, अग्रवाल सेवा समिति, सुनील मंगला समेत समाजबंधु मौजूद थे।

## आइटीआइ में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरोही में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्य' म का आयोजन किया गया। परिवहन निरीक्षक भरत जांगिड़ व रूट ऑपरेशन मैनेजर टोल मूलचंद खींची ने विद्यार्थियों को शॉर्ट फिल्म, पेम्लेट्स, पीपीटी के माध्यम से सड़क पर होने वाली विभिन्न प्रकार की दुर्घटना व दुर्घटनाओं के कारणों को विस्तार से बताया। सड़क पर चलते वक्त अपने व्यवहार को सड़क ओर अन्य वाहन चालकों के अनुसार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आईटीआई के भरत कुमार, सुरक्षा पर्यवेक्षक आर्यनसिंह, भरत कुमार, श्रवणसिंह, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती को लेकर 1 से 10 जनवरी तक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सहायक आचार्य नेहा कुमारी के निर्देशन में स्वामी विवेकानन्द की जीवनी विषय पर चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान संगीता, द्वितीय स्थान खुशी तिवारी व सुहाना खातुन, तृतीय स्थान श्वेता ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी तिवारी एवं सुरभी, द्वितीय स्थान सिमरन व तृतीय स्थान ऊषा एवं संगीता ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन व खुशी तिवारी, द्वितीय स्थान मुस्कान, तृतीय स्थान राहुल ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, द्वितीय स्थान संगीता व तृतीय स्थान खुशी तिवारी एवं नसरीन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक डॉ. इंदु आसेरी के निर्देशन में हुआ। डॉ. ऋचा पी रानाडे व डॉ. इंदु आसेरी ने प्रतियोगिताओं के परीणाम की घोषणा की। निर्णायक दल के रुप में शंभूसिंह शेखावत, सुनील कुमार व डॉ. रोहिताश्व बैरवा ने सहयोग किया।




## ग्रामीणों समुदाय के लिए जागरुकता को होगी पहल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** केंद्र सरकार के उन्नत भारत अभियान के तहत आइआइटी जोधपुर को क्षेत्रीय समन्वय संस्था और माधव विश्वविद्यालय को जिला समन्वय संस्था के रूप में चुना गया है। आइआइटी जोधपुर और माधव विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से शनिवार को आमथला में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करना है। जिसकी शुरुआत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से होगी। कार्यक्रम 100 दिनों तक चलेगा। माधव विश्वविद्यालय की ओर से जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े, कंबल और स्वेटर वितरित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के चैयरमेन डॉ राजकुमार ने बताया कि उन्नत भारत अभियान के तहत समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। निःशुल्क चिकित्सा शिविर व कानूनी सहायता सहित अनेक शिविर भी इस अभियान के तहत आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को शिक्षा और स्वास्थ्य में सशक्त बनाना है। उन्नत भारत अभियान के तहत इसी उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि माधव विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को कंबल व स्वेटर सहित गर्म वस्त्र वितरण होंगे।

# मांगों के समर्थन में जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राजस्थान पटवार संघ की ओर से मांगो के समर्थन में जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के अनुसार गरदावरी एप्प मे अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाया जाए। ताकि, गिरदावारी कार्य पटवारी द्वारा ही किया जाना संभव हो सके। पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध करता है। 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी वितिय स्वीकृति से बाकी पटवार मण्डल एवं अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तिय स्वीकृति, के भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वितिय स्वीकृति जारी करने, समेत विभिन्न मांगों को पर कार्रवाई की मांग की गई है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर राज्य के पटवारियों द्वारा 13 जनवरी से सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार करने, तहसील व उपखण्ड मुख्यालयों पर अनवरत धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई हैं। पटवार संघ के जिलाध्यक्ष महावीरसिंह, उपाध्यक्ष अशोक विश्नोई, जिला संगठन मंत्री सुशील मीना, कोषाध्यक्ष अशोक माली, जिला महामंत्री रणवीर चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवरलाल विश्नोई उपस्थित थे।



## तेरह किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुगपंज।** रोहिड़ा पुलिस ने शुक्रवार को एक कार्रवाई कर एक व्यक्ति के पास से तेरह किलो गांजा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह ने बताया कि गश्त के दौरान अभियुक्त सिंगारी पावटी वालोरिया निवासी भोमाराम पुत्र भारथाराम गमेती भील एक सफेद रंग के कट्टे में 13 किग्रा हरा गांजा परिवहन करते मिला। जिस पर तैनात पुलिस दल ने भोमाराम गमेती को गिरफ्तार कर गांजा बरामद किया। कार्रवाई में एएसआई छैलसिंह, श्रवण कुमार, गंगाराम, शंकरलाल, रामलाल, रमेश कुमार का सहयोग रहा।

# मंडार में 2.20 करोड़ की लागत से बन रहा अटल पथ

**अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया निरीक्षण**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** आदर्श स्कूल से आगे तरफ डेढ़ किलोमीटर सड़क पर 2.20 करोड़ में तैयार होगी। जिसका निर्माण शुरू हो चुका है। सड़क तैयार होने से कस्बे के पादर जाने वाले सड़क मार्ग पर फैली गंदगी से नागरिकों को राहत मिलेगी। सड़क मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ होने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा था। इसे लेकर शुक्रवार को पूर्व प्रधान कालूराम चौधरी, सरपंच परबतसिंह देवड़ा, एसी सुरेंद्र कुमार, एईन अर्जुन कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष रावताराम चौधरी,देवाराम पटेल ने निरीक्षण किया। पूर्व प्रधान चौधरी ने बताया की सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में भी खुशी नजर आई मंडार क्षेत्र में जोगीवास से जुआदरा रोड तक डेढ़ किमी सड़क अटल पथ घोषित है। सरकार ने इसके लिए 2.20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। पादर रोड जोगीवास स्थित आदर्श विद्या मंदिर तक क जाने वाले सड़क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने और गंदगी फैलने से पिछले 5 साल से नागरिक परेशान थे।



## माधव के विद्यार्थियों का होगा सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिंडवाड़ा।** हिंदुस्तान स्काउटस एंड गाइडस राजस्थान के तत्वावधान में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर का शुभारंभ 10 जनवरी को किया गया। यह शिविर जयपुर में आयोजित हो रहा है, जिसमें विभिन्न जिलों के स्काउट्स और गाइड्स भाग ले रहे हैं। माधव विवि के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के सहायक आचार्य गोविन्दसिंह व शारीरिक शिक्षा संकाय की सहायक आचार्य डॉ. धरती शिवानी के निर्देश पर विवि के 15 छात्र - छात्राएं भाग ले रहे है। डॉ. कुमावत ने बताया कि विविअपने छात्रों को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए हमेशा प्रेरित करता है, ताकि वे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कर सकें।

# आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्य शिक्षा से ऊंचा उठेगा समाज का स्तरः डॉ. मृत्युंजय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** शांतिवन के राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिवसीय 65वीं ऑल इंडिया एडल्ट एजुकेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर से यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पहुंचे हैं। इसका शुभारंभ पर एजुकेशन विंग के अध्यक्ष व अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय ने कहा कि आध्यात्मिकता, नैतिक और मूल्य शिक्षा से समाज के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सकता है। आज तेजी से गिरते सामाजिक व नैतिक मूल्य चिंता का विषय हैं। उपाध्यक्ष बीके शीलू ने कहा कि व्यक्ति कितनी भी डिग्रियां प्राप्त कर ले लेकिन यदि उसके जीवन में आध्यात्मिक व नैतिक मूल्य नहीं हैं तो वह सब व्यर्थ हैं। आईएईए की निदेशिका कल्पना कौशिक, आइएइए के अध्यक्ष प्रो. एल राजा, नई दिल्ली के इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडल्ट एंड लाइफलांग एजुकेशन के चेयरमैन प्रो. एनके अंबासत, वैल्यु एजुकेशन के निदेशक डॉ. पांड्यामणि, मुख्यालय संयोजिका बीके चंदा एवं आइएइए के नेशनल एंथेरन एससी खंडेलवाल ने आदि ने सम्बोधित किया। नेहरु



लिक्ट्रेसी अवार्ड डॉ. मदनसिंह, के. शिवा कुमार, अकरम खान, टैगोर लिक्ट्रेसी अवार्ड से वैनगेनिंग वूमन एंड गर्लस सोसायटी, प्रो. डॉ. वीरघु और डॉ. केजीवीनो अरम, आइएइए स्पेशल अवार्ड रंजना रॉय एवं केसी चौधरी को सम्मानित किया गया।



